दिन—सोमवार दिनांक— 22 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. विकसित भारत, जी—राम—जी विधेयक को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए 125 दिनों के दिहाड़ी रोजगार की गारंटी देता है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने दिल्ली प्रवास के दौरान आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से करेंगे मुलाकात।

03. सवर्ण आयोग ने राज्य सरकार की नौकरियों में अगड़ी जाति के गरीबों के लिए उम्र सीमा सैंतीस साल से बढ़ाकर चालीस साल करने की सिफारिश की।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। घने कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत—रोजगार और आजीविका मिशन—ग्रामीण विकसित भारत— जी राम जी विधेयक, दो हजार पच्चीस को मंजूरी दे दी है। संसद ने इसे शीतकालीन सत्र के दौरान पारित किया था। ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———बाईट———

यह अधिनियम विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों की मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी, इसमें परिवार के वयस्क सदस्य जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए इच्छुक हैं उन्हें मजदूरी दी जाएगी। इस योजना में केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच निधि बंटवारे का अनुपात अधिकांश राज्यों के लिए साठ और चालीस प्रतिशत होगा। जबकि पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में यह अनुपात 90 और 10 होगा। इस योजना के अंतर्गत यदि किसी को समय पर काम नहीं दिया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी है। यदि इसके अलावा मजदूरी में देरी होती है तो अतिरिक्त राशि भी दी जाएगी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित भारत जी—राम—जी विधेयक मनरेगा संवर्धित रूप है, जो विकास और गरीबों के हित में है।

विकसित भारत जी राम जी योजना मनरेगा के आगे का कदम है। मजदूर भाइयों 100 दिन की नहीं अब एक सौ 25 दिन काम की गारंटी है। कानूनी गारंटी है और काम नहीं तो बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को और सशक्त बनाया गया है। मजदूरी अगर देर से मिली तो अतिरिक्त राशि देने का प्रावधान है।

यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 का स्थान लेगा और एक आधुनिक कानूनी ढांचा प्रदान करेगा जो आजीविका सुरक्षा को मजबूत करेगा, तथा विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करेगा। अमन यादव के साथ आदर्श आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————————

विकसित भारत जी—राम—जी अधिनियम के प्रावधानों का श्रमिकों ने स्वागत किया है।

———वॉक्सपॉप———

———————————————————————————

रेलवे छब्बीस दिसंबर से रेल किराए को युक्तिसंगत बनाएगा। सामान्य श्रेणी में दो सौ पन्द्रह किलोमीटर तक की यात्रा के लिए किराए में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इससे अधिक दूरी की यात्रा पर प्रति किलोमीटर एक पैसे की दर से वृद्धि की

जाएगी। मेल, एक्सप्रेस और वातानुकूलित गाड़ियों में यह दर दो पैसे प्रति किलोमीटर होगी। रेलवे के अनुसार, किराए में वृद्धि से लगभग छह सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

———————————————————————————

राज्य में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहली बार दो दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली गये हैं। श्री कुमार आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री का एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओ से भी मुलाकात का कार्यक्रम है।

———————————————————————————

हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने एनडीए से राज्यसभा की एक सीट की मांग की है। गयाजी में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि उनसे वर्ष दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव के समय एक राज्यसभा सीट देने का वायदा किया गया था।

———बाईट———

———————————————————————————

सवर्ण आयोग ने राज्य सरकार की नौकरियों में अगड़ी जाति के गरीबों के लिए उम्र सीमा सैंतीस साल से बढ़ाकर चालीस साल करने की सिफारिश की है। आयोग के अध्यक्ष महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि आयोग ने राज्य सरकार की नौकरियों में अगड़ी जाति के गरीबों के लिए आरक्षित रिक्त सीटों को ईडब्ल्यूएस कोटे से ही भरने का प्रस्ताव दिया है। आयोग की बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए तय प्रक्रिया को ईडब्ल्यूएस के लिए भी अपनाने पर भी सहमति जताई गयी। इस संबंध में ईडब्ल्यूएस आरक्षण नियमावली में बदलाव करने की अनुशंसा राज्य सरकार को भेज दी गयी है।

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि माता सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम के पास एक आधुनिक शहर बसाया जायेगा जिसे सीतापुरी के नाम से जाना जायेगा। कल पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री चौधरी ने कहा कि पुनौराधाम में भव्य मंदिर के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गयी है और इसके लिए चयनित एजेंसी को कार्यादेश भी जारी किया जा चुका है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने बिहार पुलिस के लिए चार सौ चौरानवे नये वाहनों की खरीद को मंजूरी दे दी है। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन वाहनों की खरीद पर सत्तर करोड़ तिरेपन लाख रूपये से अधिक की लागत आयेगी। नई गाड़ियों की खरीद से पुलिस की कार्यदक्षता बढ़ेगी। इधर, गृह विभाग ने बिहार पुलिस में केन्द्रीकृत विशेष कार्यबल की स्थापना को भी मंजूरी दे दी है। इसके लिए ग्यारह करोड़ रूपये से अधिक की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है।

————————————————————————

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त साठ बेड की मेडिकल इमरजेंसी की सुविधा आज से शुरू हो रही है। पीएमसीएच अधीक्षक डॉक्टर आईएस ठाकुर ने बताया कि इस वार्ड में प्रत्येक बेड पर अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। वार्ड में प्रशिक्षित चिकित्सकों की तैनाती की गयी है।

————————————————————————

पूरा प्रदेश घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में है। धूप नहीं निकलने और अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान के बीच अंतर कम होने से ठंड और कनकनी का एहसास बढ़ गया है। कई जिलों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम पुर्वानुमान में कहा गया है कि आज गयाजी, नालंदा, अरवल और जहानाबाद जिले में कुछ स्थानों पर शीतदिवस की स्थिति बनी रहेगी।

———बाईट———

इधर, घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। कल पटना आने–जानी वाली छह उड़ाने रद्द रही। वहीं, चालीस विमानों के परिचालन में देरी हुई। गया, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे पर भी कई विमानों के परिचालन में देरी हुई। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हुआ है।

————————————————————————

शीत दिवस की चेतावनी के मद्देनजर विभिन्न जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर विद्यालयों में कक्षा पांच तक पठन–पाठन पर रोक लगाने का फैसला किया है। अररिया, गया और जमुई जिला प्रशासन ने पांचवी तक स्कूलों को अलग–अलग तिथियों तक बंद करने के आदेश दिए हैं। वहीं, सारण जिला प्रशासन ने तेईस दिसम्बर तक कक्षा दस तक के स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों को बंद रखने के आदेश दिए हैं। समस्तीपुर जिला प्रशासन ने सभी निजी और सरकारी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और प्री–स्कूलों में पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक ही शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन का आदेश जारी किया है।

———————————————————————————

वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय और बिहार संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में आज से पटना के गांधी मैदान में शिल्प बाजार की शुरूआत हो रही है। बिहार संग्रहालय के निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि कला और संस्कृति मंत्री अरूण शंकर प्रसाद शिल्प बाजार का उद्‌घाटन करेंगे। इस आयोजन में पद्‌मश्री से सम्मानित चार लोक कलाकारों बौआ देवी, दुलारी देवी, अशोक विश्वास और जगदीश पंडित के शिल्पों की प्रदर्शनी भी लगायी जा रही है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि इकतीस दिसम्बर है। अभी तक इस योजना के तहत एक करोड़ छप्पन लाख महिलाओं को दस–दस हजार रूपये की सहायता राशि दी गयी है। इस योजना के तहत लाभुकों को अधिकतम दो लाख दस हजार रूपये तक की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है।

———————————————————————————

नेपाल से सटे रक्सौल सीमा से पुलिस ने भारतीय सेना के भगोड़े जवान राजवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। रक्सौल कस्टम चौक के पास हरैया थाना पुलिस और पंजाब स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल की संयुक्त कार्रवाई में यह गिरफ्तारी हुई है। तलाशी के दौरान राजवीर सिंह के पास से पांच सौ ग्राम हेरोईन और एक हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया।

———————————————————————————

नवादा जिले के रजौली के चितकोली चेक पोस्ट पर ट्रकों से अवैध वसूली करने के मामले में ग्यारह होमगार्ड जवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने बताया कि अवैध वसूली के वायरल वीडियो के सत्यापन के बाद यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————————

भागलपुर शहर में साईबर अपराधियों ने एक बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ बीस लाख रूपये की ठगी कर ली। इस संबंध में साईबर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

———————————————————————————

गया जंक्शन पर आरपीएफ की टीम ने दून एक्सप्रेस से अड़तालीस जिंदा कछुओं को बरामद किया है। बरामद कछुओं का बाजार मूल्य चौबीस लाख रूपये बताया जाता है। गया जंक्शन पर एक सप्ताह के भीतर यह तीसरी बार है जब बड़ी संख्या में कछुए बरामद किये गये हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– नए साल में तीन लाख पदों पर बहाली होगी। तीन माह के अंदर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होगी।

दैनिक जागरण लिखता है– मुख्यमंत्री दिल्ली पहुंचे, आज प्रधानमंत्री से होगी मुलाकात।

प्रभात खबर ने लिखा है– छब्बीस से रेल सफर महंगा, पटना से दिल्ली के लिए बीस रूपये, मुंबई के लिए चौंतीस रूपये अधिक लगेंगे।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है हरियाली बढ़ाने को नए स्टेट हाईवे के दोनों तरफ बनेगा ग्रीन कॉरिडोर, इसमें तीस प्रतिशत फलदार पौधे।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– प्रदेश में शीतलहर का सितम जारी, घने कोहरे का अलर्ट।

आज अखबार की सुर्खी है– जीतन राम मांझी के बगावती तेवर, बेटे संतोष सुमन से बोले राज्यसभा सीट नहीं, तो छोड़ दो मंत्री पद।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विकसित भारत, जी–राम–जी विधेयक को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए 125 दिनों के दिहाड़ी रोजगार की गारंटी देता है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने दिल्ली प्रवास के दौरान आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से करेंगे मुलाकात।

03. सवर्ण आयोग ने राज्य सरकार की नौकरियों में अगड़ी जाति के गरीबों के लिए उम्र सीमा सैंतीस साल से बढ़ाकर चालीस साल करने की सिफारिश की।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। घने कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।